# बस श्याम चाहिए | By Amit Kalra Meetu

ना दुनिया की धन दौलत ना नाम चाहिए
होंठो पे हंसी जीवन में खुशी बस श्याम चाहिए

कोई दौलत का दीवाना शोहरत की किसी को चाहत
दोनों नहीं रहने वाले यही सोच के दिल है आहत
ना स्वर्ग की इच्छा ना ही बैकुंठ धाम चाहिए
होंठो पे हंसी जीवन में खुशी बस श्याम चाहिए

दुनिया चाहे करे बुराई बदले में करू भलाई
लोगों के आंसू पोंछू दु:ख दर्द में बनु सहाई
ना राग द्वेष हो मन में ना अभिमान चाहिए
होंठो पे हंसी जीवन में खुशी बस श्याम चाहिए

परिवार भी हो संसारी सब में हो भाईचारा
कहे मोहित तेरी दया से खुशनुमा हो घर का नज़ारा
ना जगवालों की रेहमत ना एहसान चाहिए
होंठो पे हंसी जीवन में खुशी बस श्याम चाहिए

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%b8-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%9a%e0%a4%be%e0%a4%b9%e0%a4%bf%e0%a4%8f-by-amit-kalra-meetu/